PRINT

# दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

| National News Paper | Edition : Delhi (National) | Circulation: 342873 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 01-10 .2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 08 | क्रम सं. (Serial No.) 04 |


## सीआइएसएफ के डीजी बने प्रवीर रंजन, कार्यभार संभाला

### 1993 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** एजीएमयूटी काडर के 1993 बैच के आइपीएस अधिकारी प्रवीर रंजन ने मंगलवार को सीआइएसएफ के महानिदेशक (डीजी) का पदभार ग्रहण कर लिया। वे सीआइएसएफ के 32वें महानिदेशक बने हैं। अप्रैल 2024 से वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीआइएसएफ में तैनात हैं। महानिदेशक के रूप में नियुक्ति से पहले उन्होंने बल के संवेदनशील हवाई अड्डा सुरक्षा क्षेत्र के विशेष महानिदेशक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातकोत्तर, उस्मानिया विश्वविद्यालय से पुलिस प्रबंधन में स्नातकोत्तर, सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय और हार्वर्ड विश्वविद्यालय से लोक प्रबंधन में स्नातकोत्तर और दिल्ली स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की है।



प्रवीर रंजन

मुख्य जन संपर्क अधिकारी डीआइजी अजय दहिया के मुताबिक 32 वर्षों के अपने विशिष्ट करियर में महानिदेशक प्रवीर रंजन ने कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है, जिसमें विशेष पुलिस आयुक्त, अपराध एवं आर्थिक अपराध शाखा, दिल्ली पुलिस, डीआइजी, सीबीआइ और पुलिस महानिदेशक, चंडीगढ़ के रूप में कार्य किया। इससे पहले वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीआइएसएफ में एडीजी थे।